


# दो किलोमीटर दूर खेतों के कुओं से पानी ला रहे हैं ग्रामीण

▶ कोकलपुर गांव में एक माह से जलसप्लाई है ठप

**नवभारत न्यूज**

**बेगमगंज 18 मई. गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम कोकलपुर में पिछले एक माह से पेयजल आपूर्ति ठप होने से हाहाकार मच गया है. वर्षों से जल संकट झेल रहे कोकलपुर में पेयजलापूर्ति के लिए शासन -प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नही उठाए जाने का खमियाजा आज भी तीन हजार की आबादी भुगतान रही है.**

सुबह उठकर एक से दो किमी दूर स्थित खेतों में बने कुओं से पानी लाती महिलाएं एवं बच्चियां बहुत ज्यादा परेशान है.पीएचई विभाग की लापरवाही का परिणाम ग्रामवासियों को भुगतना पड़ रहा है. बीना नदी के पास स्थित कोकलपुर की आबादी लगभग 3000 है. जहां पर तीन कुएं हैं, जो सूखे हुए हैं. एक सरकारी कुआं भी है, जिसमें थोड़ा बहुत पानी है. जिसे जाली से ढक दिया गया है. जिससे ग्रामीण लोगों को परेशानी होती है और उसमें 10 से 12 मोटर दबंगों की कुएं में डाली हुई है, जिससे पानी उनके घर पहुंचता है.





### पाइप लाइन डाली लेकिन चालू नहीं हुई, एक टंकी बंद

कोकलपुर में नल-जल योजना की दो टंकी बनी हुई है. एक टंकी 3 साल पहले बनी हुई थी, जिसमें पाइपलाइन डाल दी गई है लेकिन वह चालू नहीं है. ठेकेदार की लापरवाही के चलते ग्रामवासियों को जलसंकट से दिनरात जूझना पड़ रहा है .गांव में एक छोटी टंकी भी है जो 10 साल पहले बनाई गई थी वो भी बंद पड़ी हुई है. ग्रामीणों का कहना है पानी नहीं होने से हम लोग तीन दिन में एक दिन ही नहा पाते हैं. महिलाओं का कहना है दिनभर हम लोग खेतों में बने कुओं से पानी लाते रहते हैं, जिससे घर के अन्य काम नहीं हो पाए रहे है. एक पुराना कुआं गांव के बाहर है , जिस पर दिनभर महिलाएं डिब्बा या छोटी बाल्टी से पानी निकलती रहती हैं. वे 2 घंटे में 10 से 12 लीटर पानी भर पाती है .आक्रोशित ग्रामवासियों की मांग है कि शासन- प्रशासन अगर दबंगों की डली हुई मोटर वहां से निकाल दी जाए और कुएं पर डली जाली को हटा दिया जाए तो सभी ग्रामीणों को कुछ हद तक पानी की सुविधा हो सकती है. इस संबंध में जनपद पंचायत सीईओ नीलम रैकवार से बार -बार संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन चर्चा नहीं हुई. ग्रामवासी भी जनपद सीईओ से पानी की समस्या को लेकर कई बार शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया.

### इनका कहना है

पीएचई एसडीओ राजेश शर्मा ने कहा कि पाइप लाइन की टेस्टिंग का काम चल रहा है. मोटर भी खराब है. जल्दी ही चालू की जाएगी.

# डंपर की चपेट में आया बाइक सवार, मौत

▶ बिजली के पोल भी टूटे, जांच में जुटी पुलिस

▶ जिले के उमरावगंज थाना क्षेत्र की घटना

**नवभारत न्यूज**

**रायसेन, 18 मई. रायसेन जिले के उमरावगंज थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह डंपर की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई. महाकाल ढाबा तिराहे के पास हुए इस हादसे में युवक डंपर के पिछले टायर के नीचे आ गया था. मृतक पेशे से मिस्त्री था और घटना के वक्त अपने घर से काम पर जा रहा था. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है.**

मृतक की पहचान घाटखेड़ी निवासी 32 वर्षीय कैलाश प्रजापति के रूप में हुई है. सोमवार सुबह जब कैलाश अपनी बाइक से काम पर जाने के लिए निकला था, तभी महाकाल ढाबा तिराहे के पास उसकी बाइक अचानक सामने से आ रहे डंपर के सामने आ गई. इसके बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई. उमरावगंज थाना प्रभारी शैलेंद्र तोमर ने बताया कि डंपर चालक ने बाइक सवार को बचाने के लिए अपने वाहन को नीचे की ओर मोड़ने का प्रयास किया था. हालांकि, इसी दौरान बाइक सवार अपना संतुलन खो बैठा और डंपर के पिछले टायर के नीचे आ गया. हादसा इतना भीषण था कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया. हादसे में सड़क किनारे लगे कुछ बिजली के पोल भी क्षतिग्रस्त हुए हैं.



### शव को टायर के नीचे से निकाला गया

घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी शैलेंद्र तोमर अपनी पुलिस टीम के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे. जवानों ने मशक्कत के बाद युवक के शव को डंपर के टायर के नीचे से बाहर निकाला. पुलिस ने मौके पर मौजूद भीड़ को नियंत्रित कर यातायात सुचारू कराया और मामले की जांच में जुट गई है.

## एक नजर में



### शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना में प्रशिक्षण आरंभ

**रायसेन, 18 मई.** राज्य शासन द्वारा पिछड़ा वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान युवक-युवतियों को सैन्य बल एवं अन्य समकक्ष सुरक्षा बलों, पुलिस, होमगार्ड एवं निजी सुरक्षा एजेंसियों में भर्ती के लिए तैयार करने हेतु शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना-2026 प्रारंभ की गई है. इस योजना के तहत जिले के 87 बालक एवं 49 बालिकाओं को माता शबरी शासकीय कन्या शिक्षा परिसर रायसेन में 45 दिवसीय प्रशिक्षण आरंभ हो गया है. प्रशिक्षण स्थल शासकीय कन्या शिक्षा परिसर के सभागार में अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय ने सभी प्रतिभागियों को अनुशासन, नैतिक मूल्य, ईमानदारी की महत्ता बताते हुए प्रशिक्षण के निर्धारित पाठ्यक्रम अनुसार पूर्ण उत्साह से प्रशिक्षण प्राप्त कर योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया. सभी प्रतिभागियों को स्टेशनरी किट भी प्रदान की गई. इस अवसर पर प्रभारी सहायक संचालक नवीन गुप्ता, माता शबरी शासकीय कन्या शिक्षा परिसर के प्राचार्य सुधीर जैन, अधीक्षिका लक्ष्मी परिहार, अधीक्षक हरिप्रसाद सोनी तथा चन्द्रशेखर यादव उपस्थित रहे.

### अपराधी को उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश

**बेगमगंज, 18 मई.** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अरूण कुमार विश्वकर्मा ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर विभिन्न अपराधों में आरोपी तारिक मोहम्मद पिता अयूब अली निवासी खिरिया नारायणदास बेगमगंज जिला रायसेन को तत्काल प्रभाव से आगामी 6 माह की अवधि तक प्रत्येक सप्ताह के दिन बुधवार को तहसीलदार (कार्यपालिक मजिस्ट्रेट) तहसील बेगमगंज में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश दिए हैं. इस आदेश का उल्लंघन होने पर संबंधित थाना प्रभारी अनावेदक के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही सम्पादित करेंगे. उल्लेखनीय है कि आरोपी तारिक मोहम्मद वर्ष 2007 से लगातार आपराधिक कृत्य में लिप्त है. आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 19 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं.

### संपत्ति के विवाद में भाइयों में मारपीट

सलामतपुर, 18 मई. बरजोरपुर गांव में पैतृक संपत्ति के बंटवारे को लेकर सगे भाइयों में लात घूंसे चल गए. सलामतपुर पुलिस ने दोनों ही भाइयों की रिपोर्ट पर एक दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज किया है. पुलिस के अनुसार बरजोरपुर गांव में रहने वाले मलखान सिंह मीणा की मौत के बाद एक ट्रैक्टर के बंटवारे को लेकर बड़े भाई सूर्यप्रकाश मीणा और छोटे भाई सचिन मीणा के बीच जमकर विवाद हुआ और बात मारपीट तक पहुंच गई. जिसमें दोनों ही भाइयों ने एक दूसरे की लात घूसों से पिटाई कर दी. जिससे दोनों को मामूली चोटें आई हैं. दोनों ही भाई पैतृक संपत्ति का ट्रैक्टर रखना चाह रहे हैं. इसी बात को लेकर सचिन और सूर्यप्रकाश मीणा के बीच कई दिनों से विवाद की स्थिति बनी हुई थी. थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि सलामतपुर पुलिस ने सूर्यप्रकाश मीणा की रिपोर्ट पर उसके छोटे भाई सचिन मीणा पर धारा 296(बी), 115(2), 351(3) बीएनएस का मामला दर्ज किया है. वहीं सचिन मीणा की रिपोर्ट पर उसके बड़े भाई सूर्यप्रकाश मीणा के विरुद्ध धारा 296(बी), 115(2), 351(3) बीएनएस का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है.

# पेपर लीक के विरोध में निकाला मशाल जुलूस

**नवभारत न्यूज**

**बेगमगंज, 18 मई. एनएसयूआई एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में नीट पेपर लीक होने के विरोध में रविवार शाम 8 बजे नगर बेगमगंज में मशाल जुलूस निकाला गया. कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई और शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देने मांग उठाते हुए जमकर नारेबाजी की.**




एनएसयूआई अध्यक्ष सोमल यादव के नेतृत्व में आंदोलनकारियों ने मशाल जुलूस विधायक देवेंद्र पटेल के निवास स्थान से प्रारंभ किया. कार्यकर्ता हाथों में जलती मशालें लिए हाथ में काली पट्टी बांधकर निकले. जुलूस में शामिल कार्यकर्ता शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए बस स्टैंड पहुंचे.जुलूस के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थियों की भविष्य की साथ खिलवाड़ बंद करो , पेपर लीक माफिया पर कार्रवाई करो जैसे गगनभेदी नारे लगाए.

इस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा. कांग्रेस नेता राजेंद्र सिंह तोमर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अजय रघुवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा का पेपर लीक होना सरकार को सबसे बड़ी विफलता है. लाखों होनहार बच्चों का भविष्य चौपट कर दिया है. पेपर माफिया पर कड़ी कार्रवाई नहीं होने से सरकार के संरक्षण में उनके हौसले बुलंद है, जो आज भी देश की लाखों प्रतिभावान बच्चों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे है.

इस अवसर पर एनएसयूआई ब्लाक अध्यक्ष सोमिल यादव, वरिष्ठ नेता प्रकाश पटेल, श्रीप्रकाश जैन , संजय राय , विजय पहलवान , पार्षद अहमद अली , जफर शाह , नीरज यादव , प्रदीप कारोलिया ,शिव सेन , वासु जैन , मुजाहिद अहमद, जयकरण पटेल, आयुष्मान, हर्ष गुप्ता आदि उपस्थित थे.

## बिजली उपभोक्ताओं की समस्याएं हल

**नवभारत न्यूज**

**रायसेन, 18 मई. बिजली वितरण कंपनी उपभोक्ताओं को हर संभव सुविधा प्रदान करने को लेकर ग्राम अमोदा में शिविर का आयोजन किया गया. इसमें आए आवेदनों का निराकरण हुआ.**

ग्राम अमोदा में आयोजित शिविर में 46 आवेदन प्राप्त हुए. जिसमें से 41 आवेदनों का शिविर में ही निराकरण कर दिया गया. इस अवसर पर ग्राम अमोदा की सरपंच चिंता बाई अवध नारायण, उपसरपंच रवि माडली, मंडल उपाध्यक्ष हरगोविन्द वर्मा, मनोज, नरेन्द्र मण्डली, प्रेमनारायण, हेमराज लोवंशी, प्रेम नारायण राजपूत, जितेंद्र पटेल, सोना बाई एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे. वितरण केन्द्र प्रभारी गौहरगंज सुकेत नरवरिया ने बिजली उपभोक्ताओं से चर्चा की उन्हें हर संभव शासन की जनकल्याणकारी सुविधाओं से अवगत कराया.

# 61 आवेदनों का किया निराकरण



▶ ढकना-चपना में संपर्क अभियान शिविर लगाया

**नवभारत न्यूज**

**सलामतपुर, 18 मई. मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी सलामतपुर सांची द्वारा सोमवार को ढकना चपना क्षेत्र में संपर्क अभियान के तहत विशेष बिजली सेवा शिविर का आयोजन किया गया.**

शिविर में उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया. वितरण कंपनी के कनिष्ठ अभियंता मनीष कुमार के अनुसार शिविर में कुल 61 आवेदन प्राप्त हुए. इनमें 5 बिजली बिल संबंधी शिकायतें, 21 नए बिजली कनेक्शन, 03 नंबर लोड परिवर्तन एवं 5 सप्लाई सम्बंधित शिकायत व नाम परिवर्तन संबंधी आवेदन शामिल रहे. इसके अलावा 23 उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत बिल जमा किए गए. अन्य विभिन्न प्रकार की शिकायतों का भी त्वरित निराकरण किया गया.

गौरतलब है की विद्युत वितरण कंपनी द्वारा गांव-गांव संपर्क अभियान शिविर लगाकर समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जा रहा है. इस अवसर पर महाप्रबंधक रायसेन अंकुर सेठ भी मौजूद थे.

# बच्चों की शिकायत पर बंद कराई शराब की दुकान

▶ टीआई ने बच्चों का किया स्वागत

**नवभारत न्यूज**

**रायसेन, 18 मई. जिले के सतलापुर में बच्चों की शिकायत पर पुलिस ने रविवार रात 9 बजे एक अवैध शराब दुकान पर छापा मारकर उसे बंद करा दिया. मौजमपुरा (40 ब्लॉक) के बच्चों ने पुलिस को बताया था कि मोहल्ले में शराबियों की गाली-गलौज और आए दिन होने वाले झगड़ों से वे बहुत डरे हुए हैं.**




उन्होंने शिकायत की थी कि पानी की टंकी के पास एक दुकान से छिपकर शराब बेची जा रही है, जिसकी वजह से वहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है.बच्चों की बात सुनते ही थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और फौरन दुकान बंद करा दी. इस कार्रवाई से बच्चे इतने खुश हुए कि वे खुद थाने पहुंच गए. थाना प्रभारी ने बच्चों का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया और उनके साहस की तारीफ की.बच्चों ने बताया कि उन्होंने 'सृजन' कार्यक्रम में सीखा था कि किसी भी गलत काम की जानकारी पुलिस को देना एक जिम्मेदार नागरिक का काम है. स्थानीय महिलाओं ने भी पुलिस का शुक्रिया अदा किया.

# श्रीराम महायज्ञ का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ



▶ 7 दिन तक सुनारी गांव के हनुमान मंदिर में बहेगी ज्ञान की

**नवभारत न्यूज**

**सलामतपुर, 18 मई. सुनारी गांव में हनुमान मंदिर परिसर में सोमवार को श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ.**

कलश यात्रा सुबह सलामतपुर के द्वारकाधीश मंदिर से शुरू हुई. लोगों ने जगह-जगह फूलों और रंगोली से स्वागत किया. यात्रा का समापन हनुमान मंदिर सुनारी में विशेष पूजा-अर्चना के साथ हुआ. यह महायज्ञ 18 से 24 मई तक 7 दिनों तक चलेगा. श्रीराम महायज्ञ का आयोजन सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा. दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक रामकथा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कथावाचक पंडित सुरेश भार्गव रामचरितमानस की कथा सुनाएंगे. प्रधान यज्ञाचार्य पंडित अभिषेक शास्त्री, प्रमुख पुजारी श्रीराम जानकी मंदिर सुनारी के पंडित सुरेश भार्गव एवं यज्ञ ब्रम्हा दिनदयाल शर्मा और कार्यक्रम के आयोजक समस्त ग्रामवासी सुनारी ने बताया कि इस महायज्ञ का उद्देश्य समाज में राम भक्ति को बढ़ावा देना है.

### सिद्ध क्षेत्र पीलपहाड़ी में श्रीराम कथा एवं यज्ञ प्रारंभ



**बेगमगंज, 18 मई.** सिद्ध क्षेत्र श्रीकुटी धाम ग्राम पीलपहाड़ी में श्री श्री 108 कुंडात्मक श्रीराम महायज्ञ शुरू हो गया. सोमवार प्रातः 8 बजे दिव्य कलश यात्रा त्रिवेणी संगम महूना गुर्जर से प्रारंभ हुई , जो चैनपुर , कोकलपुर से होते हुए पीलपहाड़ी श्रीकुटी धाम पहुंची. यज्ञाचार्य पंडित पवन शास्त्री महूना गूर्जर के सानिध्य में 9 दिवसीय श्रीराम कथा का वाचन सुश्री रागनी पराशर वृंदावन धाम करेंगी.मुख्य यजमान पूर्व सरपंच दौलत सिंह गुर्जर ( मुन्ना पटेल ) सिंहपुर हैं .श्रीराम कथा दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक चली. इसके बाद शाम 7 .30 बजे से 9 बजे तक भजन संध्या एवं मानस प्रवचन हुए. 9 दिन तक इसी क्रम में धर्म प्रवाह प्रवाहित होगी .कथा समापन 26 मई मंगलवार को पूर्णाहुति एवं भंडारे के साथ होगा. ीकुटी आश्रम समिति पीलपहाड़ी ने सभी सनातन धर्मालंबियों से इस पुनीत कार्य में शामिल होकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है.

**बैठक** ▶ विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने दिए निर्देश

# प्रकरणों का समय सीमा में करें निराकरण

**नवभारत न्यूज**

**रायसेन, 18 मई. कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा सीएम हेल्पलाइप, समय सीमा वाले पत्रों, विभागीय योजनाओं तथा अभियानों की साप्ताहिक प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई.**

उन्होंने बैठक के प्रारंभ में आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों के निराकरण की प्रगति की जानकारी लेते हुए सभी एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देश दिए कि पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का समयसीमा में निराकरण सुनिश्चित करें. उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री कार्य की भी समीक्षा करते हुए तहसीलदारों को प्राथमिकता से शेष कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए. साथ ही सभी एसडीएम को सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण की भी नियमित मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए.

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की विभागवार समीक्षा के दौरान जिला खाद्य अधिकारी को गंभीरतापूर्वक सीएम हेल्पलाइन निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए. इसी प्रकार शहरी विकास, ऊर्जा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पीएचई, महिला बाल विकास सहित अन्य विभागों की सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयावधि में संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराने के निर्देश दिए.

बैठक में कलेक्टर ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कहा कि आवेदनों का समयसीमा में निराकरण नहीं हो रहा है. अधिकारी इसे गंभीरता से लें और जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण कराएं. साथ ही संबंधित आवेदक को भी निराकरण की कार्यवाही से अवगत कराएं. उन्होंने समाधान ऑनलाईन, सीएम ऑफिस से प्राप्त आवेदनों के निराकरण की भी समीक्षा की.

### स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति हो

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता सुचारू रहे. प्रगतिरत नलजल योजनाओं को शीघ्र पूर्ण कराएं. साथ ही कहीं से भी पेयजल की समस्या की जानकारी प्राप्त होने पर शीघ्रता से समाधान कराएं. इसी प्रकार सभी सीएमओ को निर्देशित किया कि पेयजल के संबंध में सभी निकायों को जारी की गई एसओपी का पालन तथा मॉनीटरिंग गंभीरता से कराएं. उन्होंने उपखण्ड वन अधिकारी समिति और ग्राम वन अधिकार समिति के पास लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु की जा रही कार्यवाही की भी समीक्षा करते हुए दिशा-निर्देश दिए.

# डेंगू से मुक्ति की दिलाई शपथ

**नवभारत न्यूज**

**बेगमगंज, 18 मई. राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर सिविल अस्पताल बेगमगंज में जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया. इस दौरान बीपीएम जयसिंह ने लोगों को डेंगू से बचाव एवं रोकथाम संबंधी जानकारी दी.**

उन्होंने कहा कि डेंगू का मच्छर पनपने वाले घटकों को रोकना होगा. इसके लिए पुराने बर्तनों , टंकियों, नालियों या घर के आसपास पानी जमा नहीं होने दें. कूलर एवं टंकियों की नियमित सफाई करने तथा मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी गई. इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद डॉक्टरों , स्वास्थ्यकर्मियों , नर्से एवं आम नागरिकों को डेंगू मुक्त भारत अभियान में सहभागिता करके पूरी तरह से खत्म करने की शपथ बीएमओ डॉ. नितिन तोमर द्वारा दिलाई गई.डॉ. तोमर ने बताया कि डेंगू का मच्छर पानी में पनपता है, इसलिए घरों के आसपास स्वच्छता बनाए रखना आवश्यक है. लोगों को डेंगू के लक्षण जैसे तेज बुखार, सिर दर्द, बदन दर्द या किसी भी तरह के लक्षण हो तो तुरंत अस्पताल आएं . स्वास्थ्य कर्मचारियों को सघन लार्वा सर्वे, रोगियों की जांच करने , स्लोगन वाले नारे लेखन एवं लार्वा की सघन जांच करने के निर्देश दिए.

